सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 18 अगस्त, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को आइआरडीटी सभागार देहरादून में अमर उजाला और सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम ''वीरता पुरस्कार–2023'' में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने शहीदों के परिजनों, पूर्व सैनिकों और उत्कृष्ट कार्य कर रहे पुलिसकर्मियों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से आज हम गौरवशाली वीर शहीद सेनानियों और उनके परिवारजनों का सम्मान कर रहे हैं, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की बाजी लगायी है। उन्होंने कहा कि जिन वीर योद्धाओं ने देश के लिए अपना सर्वस्व त्याग दिया, ऐसे वीर सपूतों के बलिदान को याद करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सेना से जुड़ा हर एक जवान और उसके परिवार जन मेरे परिवार का ही एक हिस्सा है। भारत के लोगों के दिलों में हर एक सैनिक और सैनिक के परिवार जनों के प्रति एक सम्मान का भाव होता है वह अपने आप में अलग है। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजनों की देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

राज्यपाल ने सम्मानित होने वाले सभी पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में पुलिस का बड़ा योगदान है। कांवड़ यात्रा हो, या चारधाम यात्रा हो, कुम्भ जैसे विशाल मेले हों, हर साल प्राकृतिक आपदाओं में हो, सभी जगह पुलिस के जवान अपना योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से लेकर आपदा प्रबंधन तक हर एक मोर्चे पर पुलिस के अधिकारी और जवान बड़ा योगदान देते हैं।

राज्यपाल ने अमर उजाला के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अमर उजाला समय–समय पर जो अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य संस्थाओं को भी इस तरह के सामाजिक कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन हो या सामाजिक गतिविधियां, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, और युवा पीढ़ी में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने का कार्य हो अमर उजाला फाउंडेशन ने इस सभी सामाजिक कार्यों में अपना अमूल्य योगदान दिया है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भी वीर शहीद जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी उन्होंने सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों को भी बधाई दी। डीजीपी अशोक कुमार ने भी कार्यक्रम के अवसर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अमर उजाला के संपादक श्री दयाशंकर शुक्ल, यूनिट हेड पंकज शर्मा, सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी के निदेशक शिशिर दीक्षित सहित एकेडमी के छात्र–छात्राएं उपस्थित रही।

...........0............